## एक नजर में

### गरोठ में रजिस्ट्रार आरिफ खान को भावभीनी विदाई

**गरोठ।** सब-रजिस्ट्रार कार्यालय में पदस्थ रजिस्ट्रार आरिफ खान के स्थानांतरण पर स्टाफ द्वारा भावभीनी विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर कर्मचारियों ने उनके सेवाकाल को याद करते हुए सम्मानपूर्वक विदाई दी और उज्वल भविष्य की कामना की। सहकर्मियों ने कहा कि अपने कार्यकाल के दौरान आरिफ खान ने प्रशासनिक दायित्वों का निर्वहन निष्ठा और ईमानदारी से करते हुए कार्यालय की कार्यप्रणाली को पारदर्शी व जनहितैषी बनाया। उनके सरल, सहज और मिलनसार व्यवहार के कारण वे आमजन में भी काफी लोकप्रिय रहे। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने उन्हें कर्तव्यनिष्ठ एवं आदर्श अधिकारी बताते हुए कहा कि उनका योगदान लंबे समय तक याद रखा जाएगा। विदाई के क्षणों में स्टाफ की आंखें नम नजर आईं। समारोह में विजन कंप्यूटर संचालक भरत ग्वाला, गोपाल मीणा सहित अन्य वरिष्ठ नागरिकों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका सम्मान किया।

### जनसुनवाई में 37 शिकायतों का त्वरित निराकरण



**मंदसौर।** पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीणा के निर्देशन में मंगलवार को जिला पुलिस कंट्रोल रूम मंदसौर में जनसुनवाई शिविर आयोजित किया गया। शिविर में आमजन की शिकायतों को सुनकर त्वरित एवं विधिसंगत निराकरण की कार्रवाई की गई। जनसुनवाई के दौरान कुल 37 आवेदकों की शिकायतें पुलिस अधीक्षक द्वारा स्वयं सुनी गईं तथा उनके निराकरण हेतु संबंधित थाना व चौकी प्रभारियों को तत्काल आवश्यक निर्देश दिए गए। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक टी.एस.बघेल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (गरोठ) हेमलता कुरील, नगर पुलिस अधीक्षक जितेंद्र भास्कर, एसडीओपी सीतामऊ दिनेश प्रजापति सहित कोतवाली, यशोधर्मन नगर एवं नई आबादी थानों के प्रभारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने संबंधित मामलों में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### अजा उपपरियोजना अंतर्गत कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम

**मंदसौर।** उद्यानिकी महाविद्यालय द्वारा अखिल भारतीय समन्वित फल अनुसंधान परियोजना के अंतर्गत अनुसूचित जाति उपपरियोजना (एससीएसपी) के तहत कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन उज्जैन जिले के झंझाखेड़ी (नागदा) में किया गया। कार्यक्रम अधिष्ठाता डॉ. डी. एच. रानडे के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य अनुसूचित जाति वर्ग के कृषकों को उन्नत फल उत्पादन तकनीकों, कीट एवं रोग प्रबंधन तथा आधुनिक कृषि यंत्रों के उपयोग संबंधी जानकारी प्रदान करना रहा। कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने वैज्ञानिक खेती के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। डॉ. नितिन सोनी ने फल फसलों की उन्नत उत्पादन तकनीक, पौध संरक्षण, पोषण प्रबंधन तथा आधुनिक कृषि पद्धतियों पर जानकारी देते हुए बताया कि नई तकनीकों को अपनाकर किसान कम लागत में अधिक उत्पादन प्राप्त कर सकते हैं। वहीं डॉ. बी. के. कचौली ने परियोजना के महत्व एवं उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए कृषकों को वैज्ञानिक पद्धतियां अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान डॉ. बी. के. पाटीदार सहित अन्य विशेषज्ञों ने कृषकों की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया। प्रशिक्षण के अंतर्गत लगभग 50 अनुसूचित जाति वर्ग के कृषकों को एग्रोकेमिकल किट एवं अन्य आदानों का वितरण किया गया, जिससे वे अपने खेतों में फसल सुरक्षा एवं पोषण प्रबंधन को बेहतर ढंग से लागू कर सकें।

## पदभार ग्रहण कर पदाधिकारियों ने ली जनकल्याण की शपथ



**मंदसौर।** जैन सोशल ग्रुप मंदसौर ग्रेटर का नवीन वित्तीय वर्ष 2026-27 के पदाधिकारियों का शपथ विधि समारोह विगत दिवस को ओसवाल लोढेसाथ धर्मशाला में हुआ। मुख्य अतिथि विधायक विपिन जैन, कार्यक्रम की गरिमामय अध्यक्षता कर रहे मध्य प्रदेश रीजन के ऊर्जावान अध्यक्ष एवं शपथ अधिकारी राहुल चपडोत एवं विशिष्ठ अतिथि के रूप में म.प्र. रीजन के इलेक्ट अध्यक्ष प्रेमेंद्र चौरडिया, सकल जैन समाज मंदसौर के अध्यक्ष लोकेन्द्र जैन गोटावाला, म.प्र. रीजन के उपाध्यक्ष संजय लोो, फेडरेशन कमेटी चेयरमैन मुकेश धींग, म.प्र. रीजन कमेटी के चेयरमैन महेंद्र जैन, जेएसजी ग्रेटर के संयोजक विमल पामेचा की गरिमामय उपस्थिति में अतिथियों को दुपट्टा, माला एवं पगी एवं प्रतीक चिह्न प्रदान कर स्वागत किया गया।

सर्वप्रथम कार्यक्रम के प्रारंभ में भगवान महावीर स्वामी की तस्वीर पर उपस्थित अतिथियों द्वारा माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित किया गया एवं कार्यक्रम का प्रारंभ मंगलाचरण के रूप में निकिता पलक्ष डोसी एवं शिल्पी रिकेंश पाटनी ने किया एवं स्वागत गीत वंदना राकेश जैन, सुनीता प्रदीप पहायिा, श्रुति विकास पालरेचा और वर्षा राकेश जैन द्वारा प्रस्तुत किया गया। ग्रुप के पूर्व अध्यक्ष अनिल जैन ने जेएसजी ग्रुप का वाचन सूत्र पकर सुनाया। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत ग्रुप के संयोजक विमल पामेचा, पूर्व अध्यक्ष अनिल जैन, महावीर जैन, प्रदीप पहायिा, रमेश जैन, कमलेश कटारिया, अशोक झेलावत, ग्रुप के नवीन अध्यक्ष प्रदीप डोसी, उपाध्यक्ष विपीन पितलिया, सचिव राकेश जैन बोरवाला, सहसचिव उमेश जैन एवं प्रवक्ता श्रीमती वंदना जैन, संचालक मंडल के सदस्यों द्वारा किया गया।

ग्रुप के निवर्तमान अध्यक्ष दिलीप मेहता ने स्वागत उद्बोधन में शपथ विधि समारोह में सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए इस वर्ष 2026-27 के नवीन अध्यक्ष प्रदीप डोसी, उपाध्यक्ष विपीन पितलिया, सचिव राकेश जैन बोरवाला, सहसचिव उमेश भका, कोषाध्यक्ष शक्ति जैन एवं प्रवक्ता श्रीमती वंदना जैन का स्वागत किया। विनय धींग, निवर्तमान सचिव ने गत वर्ष 2025-26 में ग्रुप द्वारा की गई विभिन्न गतिविधियों पर प्रकाश डाला। क्षेत्र के विधायक और ग्रुप के संरक्षक विपीन जैन ने कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे राहुल चपडोत एवं उपस्थित सदस्यों का ग्रुप द्वारा किए जा रहे नवाचार एवं गतिविधियों के लिए खूब सराहा एवं ग्रुप की नई टीम को बधाई और शुभकामनाएं प्रदान की।

## आशा उषा सुपरवाइजर महासंघ बीएमएस ने सौंपा ज्ञापन

**मंदसौर।** आशा उषा आशा सुपरवाइजर महासंघ भारतीय मजदूर संघ (बीएमएस) जिला मंदसौर द्वारा मुख्यमंत्र के नाम एक ज्ञापन जिला कलेक्टर प्रतिनिधि को ज्ञापन सौंपकर आशा कार्यकर्ताओं की समस्याओं के निराकरण की मांग की गई है। ज्ञापन में मुख्य रूप से आशा कार्यकर्ताओं की उन तीन महत्वपूर्ण गतिविधियों के मानदेय को फिर से शुरू करने का आग्रह किया गया है जिन्हें बिना किसी ठोस कारण के बंद कर दिया गया है। इन गतिविधियों में त्रैमासिक गर्भावस्था पंजीकरण, गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच और कृमिनाशक दिवस का मानदेय शामिल है। संघ ने मांग की है कि आशाओं के इस रुके हुए मानदेय को अविलंब पुन: चालू किया जाए।

ज्ञापन के माध्यम से यह भी ध्यानाकर्षण कराया गया कि दिनांक 06.09.2023 को तत्कालीन मुख्यमंत्री द्वारा आशा कार्यकर्ताओं, आंगनवाी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं के मानदेय में प्रतिवर्ष 1000 रुपये की वृद्धि करने की घोषणा की गई थी। जहां एक ओर आंगनवाी कार्यकर्ताओं के वेतन में पिछले दो वर्षों से वृद्धि हो रही है, वहीं आशा और आशा पर्यवेक्षकों को आज तक इस वृद्धि का लाभ नहीं मिल सका है। संघ का कहना है कि इन कर्मचारियों को शासन के निर्देशानुसार तय न्यूनतम वेतन का लाभ नहीं मिल पा रहा है। भारतीय मजदूर संघ ने प्रशासन और शासन से इन सभी मांगों पर जल्द से जल्द विचार कर उचित कार्यवाही करने का अनुरोध किया है।

इस अवसर पर आशा उषा आशा सुपरवाईजर महासंघ भारतीय मजदूर संघ संयोजक संतोष सालवी, जिलाध्यक्ष रेखा बैरागी, कोषाध्यक्ष निधि पारीख, बरखा सुरागी, रंजना भाटी, संगीता नामदेव, मेहनाज अंसारी, रूबिना शेख, मनोहर सुल्तान, मोना कहार सहित बी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रही।

## एमजेएफ लायन जितेन्द्र मित्तल उपप्रान्तपाल द्वितीय के लिए चुनाव में विजयी

**मन्दसौर।** 3 मई को लायन्स क्लब इण्टरनेशनल प्रान्त 3233 ई 2 के कोटा में आयोजित प्रान्तीय चुनाव में लायन्स क्लब मन्दसौर के ऊर्जावान, सेवाभावी एम.जे.एफ. लायन जितेन्द्र मित्तल उपप्रान्तपाल द्वितीय के पद पर विजयी हुए।

लायन अध्यक्ष रत्नेश कुदार ने बताया कि प्रान्त के 142 क्लब जो कि जैसलमेर से लेकर मन्दसौर और माउण्ट आबू से रोड से नागौर तक फैले विशाल क्षेत्र में लगभग दो माह से निरंतर लायन सम्पर्क हेतु लायन जितेन्द्र मित्तल ने पूरे प्रांत में भ्रमण किया। आपके साथ लायन डॉ. देवेन्द्र पुराणिक, लायन सुभाष बग्गा, लायन सुनील विजयवर्गीय और लायन सत्यनारायण छापरवाल ने भी भ्रमण में साथ दिया। चुनाव संचालन हेतु लायन रत्नेश कुदार की अध्यक्षता मे वरिष्ठ लायन प्रदीप कीमती, लायन प्रवीण राठौर, लायन विक्रांत भावसार, लायन डॉ. गोविन्द छापरवाल, लायन मनोहर सोनगरा, लायन डॉ. मजहर हुसैन, में पूरे प्रान्त की स्थिति अवगत कराते हुए मार्गदर्शन देते रहे।

साथ ही प्रान्त के पूर्व प्रान्तपाल महानुभावों का भी पूर्ण सहयोग एवं मार्गदर्शन मिलता रहा, उसके अनुसार चुनावी रणनीति बनायी गयी और विजयश्री प्राप्त की। मंदसौर क्लब के सदस्य चुनाव स्थल कोटा पहुंचे थे जिसमें लायन बलजीत सिंह नारंग, लायन डॉ. प्रदीप चेलावत, लायन सुरेन्द्र नाहटा, लायन विकास भण्डारी, लायन जगदीश चौधरी, लायन नारायण सिंह चौहान, विजय सुराणा, हस्तीमल जैन, लायन मुकेश माहेश्वरी, लायन राजेंद्र पामेचा, लायन नेम गांधी, लायन मारुती पोरवाल, विकास अग्रवाल, दिनेश सैनी, सुनील बाफना, अजय लोो, लायन जितेंद्र पोरवाल, शैलेन्द्र चोरडिया, राजेश पोरवाल, संदीप गुप्ता, डॉ अशोक सोलंकी, निर्विकार रातयिा, मनोज पोरवाल और अन्य लोग शामिल रहे।

**एक नजर** — मामलों में त्वरित निराकरण करने के कलेक्टर ने जारी किए निर्देश

## जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनी 58 आवेदकों की समस्याएं

**मंदसौर। जिला स्तरीय जनसुनवाई में कलेक्टर अदिती गर्ग एवं अपर कलेक्टर एकता जायसवाल ने 58 आवेदकों की समस्याएं सुनीं। जनसुनवाई के दौरान आम नागरिकों द्वारा प्रस्तुत विभिन्न आवेदन-शिकायतों पर विचार किया गया।**



कलेक्टर अदिती गर्ग ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनसुनवाई के दौरान आने वाले विशेष मामलों में अधिकारी उसी दिन त्वरित निराकरण करें। नागरिकों की समस्याओं का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाए तथा किसी भी व्यक्ति को अनावश्यक रूप से परेशान न किया जाए। उन्होंने कहा कि आमजन को न्याय दिलाना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त प्रकरणों पर संबंधित अधिकारियों को त्वरित एवं आवश्यक निर्देश जारी किए गए। ग्राम रणायरा निवासी बालाराम द्वारा स्वयं की भूमि पर कब्जा दिलवाने संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया गया, जिस पर तहसीलदार गरोठ को जांच कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। इसी तरह बोलिया निवासी विष्णु द्वारा शिकायत निराकरण के संबंध में आवेदन दिया गया, जिस पर सीईओ जनपद गरोठ को जांच कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। पानपूर निवासी गणेशराम द्वारा आयुष्मान कार्ड व बी.पी.एल. कार्ड बनवाने संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया गया, जिस पर तहसीलदार सितामऊ को शीघ्र कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

इसके अतिरिक्त जनसुनवाई में विद्युत कनेक्शन लगवाने, उज्वला योजना का लाभ दिलवाने, संबल योजना के अंतर्गत अनूग्रह राशी दिलवाने, बीपीएल राशन कार्ड बनवाने, आम रास्ता खुलवाने जैसे विविध प्रकार के आवेदन प्राप्त हुए।

# नीमच

## एक नजर में

### ग्राम खानखेड़ी में अवैध रूप से भंडारित 150 घनमीटर रेत जब्त, 20 तक प्रस्तुत करें दावा

**नीमच।** प्रभारी अधिकारी खनिज नीमच ने बताया, कि 7 अप्रैल 2026 को खानखेड़ी में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) मनासा, तहसीलदार मनासा, प्रभारी अधिकारी खनिज नीमच एवं प्र. खनि निरीक्षक नीमच द्वारा संयुक्त रूप से जांच की गई थी। जांच का विवरण : जांच के दौरान ग्राम खानखेड़ी, गांधी सागर डूब क्षेत्र की शासकीय भूमि सर्वे नंबर 564 पर अवैध रूप से रेत का भण्डारण किया जाना पाया गया। रेत भण्डारण से संबंधित कोई भी व्यक्ति मौके पर नहीं आया। जप्ती की कार्रवाई : मौके से रेत जप्त कर पुराना जनपद पंचायत कार्यालय मनासा में 150 घनमीटर रेत सुरक्षित रखी गयी है। दावा प्रस्तुत करे उक्त रेत जिस किसी की भी हो वह 20 मई 2026 तक, कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) मनासा में उपस्थित होकर रेत से संबंधित अपना जवाब एवं वैध दस्तावेज प्रस्तुत करे। महत्वपूर्ण नियत तिथि 20 मई 2026 के पश्चात उक्त रेत को अज्ञात मानते हुए शासन हित में राजसात कर निर्वतन/नीलामी की कार्यवाही की जावेगी। इसके बाद किसी भी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा।

### लायंस पार्क क्षेत्र में ठेला चालकों पर दबंगई, अवैध वसूली नहीं दी तो काट दिया बिजली कनेक्शन



**नीमच।** शहर के सीआरपीएफ रोड स्थित लायंस पार्क क्षेत्र में फास्ट फूड और जूस का व्यवसाय करने वाले हाथ ठेला संचालकों ने अवैध वसूली, उत्पीड़न और बिजली कनेक्शन कटवाने के गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़ितों ने जिला कलेक्टर को आवेदन सौंपकर न्याय की गुहार लगाई है। आवेदक राहुल चौधरी और दिलीप कुमार ने बताया कि वे वर्षों से पानीपुरी, जूस सहित अन्य फास्ट फूड का व्यवसाय कर अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहे हैं। उन्होंने विद्युत विभाग से विधिवत अस्थायी बिजली कनेक्शन ले रखा था और नियमित रूप से बिल का भुगतान भी कर रहे थे। इसके साथ ही नगर पालिका द्वारा उनसे प्रतिदिन शुल्क भी वसूला जा रहा है। पीड़ितों का आरोप है कि क्षेत्र के एक व्यक्ति द्वारा उनसे अवैध रूप से पैसे की मांग की जा रही थी। मना करने पर उक्त व्यक्ति ने उन्हें लगातार धमकियां दीं और झूठी शिकायतें कर उनका बिजली कनेक्शन कटवा दिया, जिससे उनका व्यवसाय पूरी तरह ठप हो गया है। विरोध करने पर अभद्र व्यवहार करते हुए ठेले हटाने की धमकी भी दी जा रही है। ठेला संचालकों का कहना है कि उनकी आजीविका पूरी तरह इसी व्यवसाय पर निर्भर है और बिजली कनेक्शन कटने से उनके सामने गंभीर आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि उनका बिजली कनेक्शन तत्काल पुन: शुरू कराया जाए तथा दोषी व्यक्ति के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

## आम खरीदते वक्त रहें सावधान

> ▶ कैल्शियम कार्बाइड से पके फलों को 2 मिनट में ऐसे पहचानें



**नीमच।** गर्मी के मौसम में बाजार रसीले आमों से भर जाते हैं। तोतापुरी, लंगड़ा और दशहरी जैसी किस्मों का स्वाद लोगों को खूब आकर्षित करता है। हालांकि, आम की बढ़ती मांग के चलते कुछ व्यापारी मुनाफे के लिए खतरनाक केमिकल का इस्तेमाल कर इन्हें कृत्रिम रूप से पकाते हैं।

फलों को जल्दी पकाने के लिए अक्सर कैल्शियम कार्बाइड जैसे हानिकारक रसायनों का उपयोग किया जाता है, जिस पर स्स्स्द्ध द्वारा सख्त प्रतिबंध लगाया गया है। इसके बावजूद कई जगहों पर इसका अवैध उपयोग जारी है। ऐसे में उपभोक्ताओं के लिए जरूरी है कि वे केमिकल से पके आमों की पहचान करना सीखें।

**पानी में डूबने का आसान टेस्ट:** केमिकल वाले आम की पहचान का सबसे सरल तरीका पानी टेस्ट है। एक बाल्टी पानी में आम डालें। यदि आम पानी में डूब जाता है, तो वह प्राकृतिक रूप से पका हुआ माना जाता है। वहीं, अगर आम तैरने लगे, तो यह संकेत हो सकता है कि उसे केमिकल से पकाया गया है।

**रंग और बाहरी बनावट पर ध्यान दें:** प्राकृतिक रूप से पके आमों का रंग एक समान नहीं होता। उनमें पीले, हरे या हल्के लाल रंग का मिश्रण दिख सकता है। केमिकल से पके आम अक्सर पूरी तरह चमकदार पीले और एकसमान रंग के होते हैं। छिलके पर सफेद या काले धब्बे भी केमिकल के संकेत हो सकते हैं।

**काटने पर अंदर का अंतर:** केमिकल से पके आम बाहर से नरम दिख सकते हैं, लेकिन अंदर से सख्त या अधपके रह जाते हैं। उनका गूदा कम रसदार और रबड़ जैसा हो सकता है। इसके विपरीत, प्राकृतिक आम पूरी तरह से रसदार और समान रूप से पका होता है।

**खुशबू से करें पहचान:** प्राकृतिक रूप से पके आम में मीठी और भीनी खुशबू होती है। वहीं, केमिकल से पके आम में अजीब सी तीखी गंध आ सकती है या कई बार उनमें कोई खास खुशबू नहीं होती।

**सतर्क रहें, सुरक्षित रहें:** विशेषज्ञों के अनुसार, आम खरीदते समय इन आसान तरीकों को अपनाकर आप मिलावटी फलों से बच सकते हैं। सही पहचान न केवल स्वाद बल्कि स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए भी बेहद जरूरी है।

## ग्रामीण नलजल योजनाओं के संचालन और संधारण के लिए पम्प ऑपरेटरों का प्रशिक्षण



**नीमच।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत कलेक्टर हिमांशु चंद्रा एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नीमच अमन वैष्णव के निर्देशन में जनपद स्तर पर ग्रामीण नलजल योजनाओं के संचालन संधारण हेतु पम्प ऑपरेटरों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण का आयोजन: इसी क्रम में सोमवार को विकासखण्ड नीमच की ग्रामीण नलजल योजनाओं के पम्प ऑपरेटरों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। उपस्थित अधिकारी व प्रशिक्षक: प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत नीमच एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सहायक यंत्री, उपयंत्री व हैण्डपम्प तकनीकीशियन उपस्थित थे।

**प्रशिक्षण के प्रमुख बिंदु:** विकासखण्ड नीमच की समस्त नलजल योजनाओं के सरपंच, सचिव एवं पम्प ऑपरेटरों को विभिन्न बिंदुओं पर प्रशिक्षण दिया गया:

संचालन-संधारण: नलजल योजनाओं के सुचारू संचालन व रख-रखाव संबंधी मार्गदर्शन दिया।

**तकनीकी सुधार:** योजना के अवयवों से संबंधित तकनीकी खराबी दुरुस्त कर गुणवत्तायुक्त पेयजल प्रदाय करना।

**जल कर वसूली:** नियमित रूप से जल कर राशि की वसूली करने की प्रक्रिया के बारे में बताया गया।

**प्रशिक्षण सामग्री वितरण:** प्रशिक्षण सामग्री के रूप में भारत सरकार के जल जीवन मिशन के तहत योजनाओं के रख-रखाव संबंधी मार्गदर्शिका, मध्यप्रदेश राजपत्र (जलकर निर्धारण से संबंधित), निर्धारित जल कर राशि वसूली रसीद नमूना इत्यादि प्रदाय किए गए। प्रशिक्षण में निर्देश दिए, कि सभी पम्प ऑपरेटर प्रशिक्षण का लाभ लेकर ग्रामों में निर्बाध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करें।

**एक नजर** — जिला पंचायत सीईओ, एडीएम और डीएफओ भी साथ निकाला प्रशासनिक अमला

## कलेक्टर हिमांशु चंद्रा ने हरी झंडी दिखाकर रात्रि चौपाल के लिए किया रवाना

> ▶ ग्राम टामोटी में लगेगी रात्रि चौपाल, मौके पर होगा समस्याओं का निराकरण

**नीमच। ग्रामीण क्षेत्रों में जनसमस्याओं के त्वरित निराकरण एवं शासन की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित रात्रि चौपाल हेतु मंगलवार को कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने कलेक्ट्रेट परिसर नीमच से अधिकारियों के वाहन को हरी झंडी दिखाकर ग्राम टामोटी के लिए रवाना किया।**

कलेक्टर हिमांशु चंद्रा स्वयं जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव अपर कलेक्टर श्री बी.एस. कलेश एवं वन मंडल अधिकारी श्री एस.के. ऑटोदे के साथ इसी यात्री वाहन से जिलाधिकारियों के दल के साथ रात्रि चौपाल के लिए रवाना हुए।

रात्रि चौपाल का उद्देश्य: ग्राम टामोटी में आयोजित रात्रि चौपाल में विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनेंगे तथा मौके पर ही निराकरण की कार्रवाई करेंगे। साथ ही शासन की लोक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा। कलेक्टर ने निर्देश दिए हैं, कि रात्रि चौपाल में प्राप्त आवेदनों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाए तथा योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता रखी जाए।

